*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No. 0100020

| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ OMR શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet. |
|---|
| **01** |

# 10 (H)

**(JULY, 2018)**
**(New Course)**

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**

**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

---

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में **Part – A** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **50** प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या **1** से **50** है। हरेक प्रश्न का गुण **1** है।

3) प्रश्न पुस्तिका को ध्यान से पढ़े और सही विकल्प पसंद करके **O.M.R.** पत्रक में उत्तर लिखे ।

4) आपको अलग से दिये गये **O.M.R.** पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिये गये है, जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहिनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को **O.M.R.** शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए।

---

1) आर्य प्रजाति ............ प्रजाति थी ।

(A) संगीत प्रेमी (B) प्रकृति प्रेमी

(C) नाटक प्रेमी (D) नृत्य प्रेमी

2) जिन्हें सिंधु घाटी सभ्यता का सर्जक माना जाता है । जिन्होंनें पार्वती को माँ के रूप में, एवं शिवजी को पितृ रूप में पूजा है, तथा धूप, दीप एवं आरती से पूजा करने की परंपरा प्रदान की है । इन वाक्यों के माध्यम से किस प्रजाति की बात की गई है? नीचे लिखे विकल्पों में से ढूँढ कर बताओ ।

(A) नेग्रीटो (B) ऑस्ट्रेलोइड

(C) द्रविड़ (D) आर्य

3) भारत प्राचीन समय से ही कच्छ कच्ची एवं पकी हुई मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए प्रख्यात रहा है। दक्षिण भारत के नागार्जुन कौंडा एवं गुजरात के लाघनज में से जो असंख्य अवशेष प्राप्त हुए हैं, उस प्रकार की मिट्टी को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

(A) काली मिट्टी (B) पकाई हुई मिट्टी

(C) लाल मिट्टी (D) टेराकोटा मिट्टी

4) नाटक कला के बारें में पढ़ाते हुए संजय भाई ने नीचे लिखे हुए विधान बोर्ड पर लिखकर विद्यार्थियों को असत्य वाक्य को ढूँढने को कहा है।

विधान – 1 – ये दृश्य–श्रव्य माध्यम है।

विधान – 2 – इसमें नाट्य लेखन एवं मंचन बहुत महत्वपूर्ण है।

विधान – 3 – इसमें अभिनय को नाटक का प्राण नहीं माना जाता है।

विधान – 4 – ये अबाल वृद्धों का मनोरंजन एवं लोकशिक्षण करती प्राचीन कला है।

(A) विधान – 1 और 3

(B) विधान – 3

(C) विधान – 2

(D) विधान – 2 और 4

5) भगवान बुद्ध के देहावशेषों को एक पात्र में रख कर उसके ऊपर अर्धगोलाकार टीले जैसी रचना की जाती है। इस प्रकार के स्थापत्य को किस नाम से जाना जाता है?

(A) स्तूप (B) कीर्ति स्तंभ

(C) स्तंभलेख (D) गोपुरम्

6) गोपुरम् अर्थात क्या?

(A) बुद्ध साधुओं के विहार के स्थल

(B) मंदिर में जहाँ मूर्ति रखी जाती है वह भाग

(C) दक्षिण भारत में मंदिरों का प्रवेश द्वार है।

(D) स्तंभों पर बनाया हुआ विशाल हॉल

7) शाला के वर्गखंड में गुजरात के प्रख्यात सूर्य मंदिर शिल्प स्थापत्यों के बारें में चर्चा चल रही है। जिसमें विद्यार्थियो ने अपने–अलग–अलग मंतव्य व्यक्त किए हैं।

प्रवीण :– ये मंदिर सोलंकी वंश के राजा भीमदेव प्रथम के शासनकाल में बनवाया गया था।

सोनल :– गर्भ गृह में स्थित सूर्य की प्रतिमा में स्थित मणी पर सूर्य प्रकाश गिरने से समस्त मंदिर प्रकाशमान हो जाता है।

विपुल :– ये मंदिर "काला पैगोड़ा" के नाम से विख्यात है।

रूबीना :– इस मंदिर के बाहर जलकुंड में 108 मंदिर स्थित है।

इस चर्चा में किसकी बात सही है? ये बताइए।

(A) प्रवीण, सोनल और रूबीना

(B) मात्र रूबीना और विपुल

(C) विपुल, सोनल और प्रवीण

(D) मात्र सोनल और विपुल

8) निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह ने महाभारत, रामायण, अथर्ववेद, भगवद्गीता एवं पंचतंत्र जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथों का अनुवाद करवाने के लिए एक अलग विभाग की स्थापना करवाई थी?

(A) बाबर

(B) हुमायूँ

(C) शाहजहाँ

(D) अकबर

9) तक्षशिला विद्यापीठ के लिए निम्नलिखित में से कौनसा विधान सुसंगत है?

(A) ह्यूवेन सांग इस विद्यालय में से 657 किताबे ले गए थे।

(B) इस विद्यापीठ में 64 विद्याओं का ज्ञान दिया जाता था।

(C) इस महाविद्यालय में सात मुख्य विशाल खंड हैं।

(D) यँहा पर व्याख्यान के लिए तीनसो खंड थे।

10) भाषाओं के क्रमशः विकास के कारण भारत की साहित्यिक विरासत बहुत समृद्ध है । भाषाओं के विकास की दृष्टि से निम्न लिखित में से कौनसा जोड़ा सही है?

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (A) मुगलकालीन भाषा | (1) अवधि |
| (B) मध्ययुगीन उत्तर भारत की भाषा | (2) फारसी |
| (C) दिल्ही सुलतानों की राजभाषा | (3) संस्कृत |
| (D) तुलसी दास ने राम चरित मानस की रचना की | (4) उर्दु |

(A) A-2, B-3, C-4, D-1

(B) A-4, B-3, C-2, D-1

(C) A-3, B-4, C-1, D-2

(D) A-1, B-2, C-3, D-4

11) नीचे दिए गए जोड़ों में से कौनसा एक जोड़ा गलत है?

(A) कवि कंबन – तमिल भाषा में रामायण की रचना

(B) कवि चंद्र बरदाई – हिन्दी साहित्य का प्रारंभिक कवि

(C) राजतंरगिणी – सर्व प्रथम भारतीय ऐतिहासिक ग्रंथ

(D) मुल्ला दाउद – पद्‌मावत

12) निम्नलिखित विधानों में से एक विधान पूर्णतः सही है । उसे बताइए ।

(A) सुश्रुत संहिता में 2000 से भी ज्यादा वनस्पति–औषधियों का वर्णन है ।

(B) चरकसंहिता में शल्यक्रिया के लिए धारदार साधनो का उल्लेख किया गया है ।

(C) शुन्य की खोज आर्यभट्ट ने की थी ।

(D) भास्करा चार्य ने 'दशगीतिका' ग्रंथ की रचना की थी ।

13) भारत में स्थित अजंता की गुफाएँ निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित हैं ?

(A) महाराष्ट्र

(B) मध्यप्रदेश

(C) ओड़िशा

(D) गुजरात

14) "स्वर्ग के बगीचे में पवित्र दिलों का स्वागत है ।" ये पंक्ति अपने देश के किस प्रख्यात स्थापत्य पर अंकित की गई है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प बताओ ।

(A) सुर्य मंदिर – मोढेरा (B) लालकिला – दिल्ही

(C) ताजमहल – आगरा (D) बृहदेश्वर मंदिर – तन्जावर

15) नीचे एक प्रसिद्ध किले का वर्णन दिया गया है । ये किस किले से संबंधित है? निम्नलिखित विकल्पों में सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

वर्णन :–

→ रंगमहल इस किले में स्थित है ।

→ इसके निर्माण में संगमरमर एवं लाल पत्थर का उपयोग किया गया है ।

→ इस किले में मयुरासन का सर्जन किया गया था ।

(A) फतेहपुर सिकरी का किला (B) गोलकोंड़ा का किला

(C) लालकिला (D) चांपानेर का किला

16) निम्नलिखित स्थापत्यों को उनकी विशेषता के साथ उचित क्रम में जोड़कर सही विकल्प पसंद करो ।

| स्थापत्य | पंक्ति |
|---|---|
| (a) कुतुबमीनार | (i) लाल एवं सफेद पत्थरों का सफलता पूर्वक उपयोग किया गया है । |
| (b) हुमायूँ का मकबरा | (ii) पत्थरों से निर्मित भारत का सबसे ऊँची मीनार । |
| (c) ताजमहल | (iii) काले पत्थरों से बनाया हुआ होने के कारण इसे 'काला पैगोड़ा' कहा जाता है । |
| (d) कोणार्क का सुर्यमंदिर | (iv) विश्व की सात अजायबों में से एक |

(A) (a - i), (b - ii), (c - iii), (d - iv) (B) (a - ii), (b - i), (c - iii), (d - iv)

(C) (a - iii), (b - iv), (c - ii), (d - i) (D) (a - ii), (b - i), (c - iv), (d - iii)

17) पर्यटन उद्योग से राज्य को निम्नलिखित में से कौनसा लाभ होता है?

(A) आर्थिक (B) सामाजिक

(C) राजकीय (D) शैक्षणिक

18) उत्तर प्रदेश राज्य के आगरा में स्थित ताजमहल के संगमरमर का श्वेत रंग पीला पड़ गया था। इसके लिए निम्नलिखित में से कौनसा कारण जिम्मेदार था?

(A) भूमि प्रदूषण

(B) जल प्रदूषण

(C) वायु प्रदूषण

(D) ध्वनि प्रदूषण

19) विश्व में एक या दो स्थान पर ही मिलने वाला संसाधन निम्नलिखित में से किस वितरण क्षेत्र में आता है?

(A) सर्व सुलभ संसाधन (B) विरल संसाधन

(C) सामान्य सुलभ संसाधन (D) एकल संसाधन

20) निम्नलिखित में से कौनसी हकीकत अभ्यारण के संबंध में सही है?

(A) मानव प्रवृत्तियों पर सम्पूर्ण प्रतिबंध होता है।

(B) निश्चित मात्रा में मानव प्रवृत्तियों को अनुमती दी जाती है।

(C) अभ्यारणों में पशुओं को चराने की अनुमती नहीं होती है।

(D) गुजरात में एक भी अभ्यारण नहीं है।

21) गुजरात के जंगलो में से लुप्त हुआ वन्य जीव कौन–सा है?

(A) बाघ (B) घुड़खर

(C) भालू (D) तेदुँआ

22) निम्नलिखित में से किस औषधीय फसल में गुजरात प्रथम उत्पादक राज्य है?

(A) मेथी

(B) धनिया

(C) इसबगुल

(D) सरसों

23) निम्नलिखित में से कौनसी फसल बागायती फसल नहीं है?

(A) रबर

(B) चाय

(C) सरसों

(D) कॉफी

24) भारतीय कृषि उपजों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा विधान असत्य है?

(A) कॉफी की फसल को सीधा सूर्य प्रकाश नहीं चाहिए ।

(B) भारत के केरल, कर्णाटक एवं तमिलनाडू राज्यों में नारियल के बगीचे हैं ।

(C) गन्ने में से शक्कर, खांडसरी एवं गुड़ बनाया जाता है ।

(D) चना, मटर, मसूर आदि खरीफ फसलें हैं ।

25) भारतीय कृषि उपज एवं उनके उत्पादक राज्य दिए गए हैं । उनको उचित क्रम में जोड़कर सही विकल्प चुनिए ।

| राज्य | फसल |
|---|---|
| (a) हिमाचल प्रदेश | (1) गेंहू |
| (b) मध्य प्रदेश | (2) सरसों |
| (c) राजस्थान | (3) मक्का |
| (d) पंजाब | (4) सेब |

(A) (a - 1), (b - 2), (c - 3), (d - 4)

(B) (a - 4), (b - 3), (c - 2), (d - 1)

(C) (a - 2), (b - 1), (c - 4), (d - 3)

(D) (a - 3), (b - 4), (c - 1), (d - 2)

26) निम्नलिखित में से भू पृष्ठीय (पृथ्वी की सतह) जल का मुख्य स्त्रोत कौनसा है?

(A) तालाब (B) वर्षा

(C) नदियाँ (D) सरोवर

27) भारत की नदियाँ तथा उनपर स्थित बहुउद्देशीय योजना दी गईं हैं । इनमें से कौनसा जोड़ा सही नहीं है ?

(A) सतजल नदी – भाखरा नांगल

(B) तापी नदी – उकाई योजना

(C) महानदी – नागार्जुन सागर

(D) साबरमती नदी – धरोई योजना

28) नीचे दी गई बहुउद्देशीय योजनाओं को उनके स्थान के आधार पर उत्तर से दक्षिण दिशा की तरफ के क्रम में कौनसा विकल्प सही है ?

(A) चंबल घाटी, भाखरा–नांगल, नर्मदा घाटी, नागार्जुन सागर

(B) भाखरा नांगल, नागार्जुन सागर, नर्मदा घाटी, चंबल घाटी

(C) नगार्जुन सागर, नर्मदा घाटी, चंबल घाटी, भाखरा नांगल

(D) भाखरा नांगल, चंबल घाटी, नर्मदा घाटी, नागार्जुन सागर

29) अभ्रक उत्पादन में विश्व में ................ देश का प्रथम स्थान है ।

(A) इंग्लैण्ड (B) भारत

(C) चीन (D) अमेरिका

30) बनासकांठा जिले का मुख्यालय पालनपुर की एक शाला के कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों को बायोगैस प्लान्ट का निदर्शन करवाना चाहता है । तो वे सबसे नजदीक का कौन सा स्थान पसंद करेंगे ?

(A) मेथान (B) उन्देल

(C) दाँतीवाड़ा (D) धुवारण

31) निम्नलिखित में से भारत का कौन सा शहर "सिलिकोन वेली" के नाम से जाना जाता है ?

(A) जयपुर (B) दिल्ही

(C) नागपुर (D) बेंगालुरू

32) निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा भारतीय कृषि पर आधारित कपड़ा उद्योगों एवं उनके उत्पादक राज्यों के सन्दर्भ में गलत है?

(A) रेशमी कपड़ा उद्योग – जम्मुकश्मीर

(B) पटसन कपड़ा उद्योग – आन्ध्रप्रदेश

(C) सूती कपड़ा उद्योग – हरियाणा

(D) ऊनी कपड़ा उद्योग – पंजाब

33) मैं कौन हूँ? मुझे पहचानो।

"मैं धिब्रुगढ़ से कन्याकुमारी को जोड़ने वाला भारत का सबसे लंबा रेल मार्ग हूँ।"

(A) कर्णावती एक्सप्रेस

(B) गरीबरथ एक्सप्रेस

(C) योगा एक्सप्रेस

(D) विवेक एक्सप्रेस

34) गुजरात राज्य का सबसे बड़ा बंदरगाह कौन सा है?

(A) वेरावल (B) पोरबंदर

(C) कंडला (D) हजीरा

35) भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 7 सबसे लंबा है। जो वाराणसी से .......... तक जाता है?

(A) कन्याकुमारी (B) चेन्नाई

(C) मुंबई (D) बेंगालुरू

36) विश्व बैंक की ई.स. 2004 की रिपोर्ट के अनुसार प्रतिव्यक्ति आय निम्नलिखित में से कितने डॉलर ($) से कम हो तो, वह देश विकासशील देशों की श्रेणी में आयेगा?

(A) 480 $ (B) 735 $

(C) 250 $ (D) 580 $

37) श्री किशन भाई विश्व के देशों के विविध अर्थ तंत्र के लक्षणो के विषय में चर्चा कर रहे थे। उनमें से एक देश के लक्षण निम्ना नुसार हैं, तो वह देश किस प्रकार के अर्थतंत्र वाला होगा?

लक्षण :

→ देश की जनसंख्या वृद्धिदर 2.5% है।

→ देश के लोगो की प्रति व्यक्ति आय 500 डॉलर ($) है।

→ राष्ट्रीय आवक में कृषि का योगदान 22% है।

→ तकनीकि का विकास तुलनात्मक रूप से कम है।

(A) विकास शील अर्थतंत्र (B) विकसित अर्थतंत्र

(C) मिश्र अर्थतंत्र (D) साम्यवादी अर्थतंत्र

38) भारत सरकार ने 'वायु प्रदूषण नियंत्रण कानून' किस वर्ष में पारित किया?

(A) सन् 1951 (B) सन् 1961

(C) सन् 1981 (D) सन् 1991

39) विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्यालय कँहा पर स्थित है?

(A) लंदन (B) जिनीवा

(C) कोलकाता (D) न्यूयोर्क

40) महिला सशक्तिकरण, कौशल्य वर्धन प्रशिक्षण, स्वरोजगारी और बाजार के साथ जोड़ने का उद्देश्य किस सरकारी योजना में रखा गया है?

(A) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना

(B) मिशन मंगलम् योजना

(C) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

(D) एग्रो बिजनेस पॉलिसी सन् - 2016

41) निम्नलिखित वर्णन को ध्यान पूर्वक पढो :–

"जिनके पास पर्याप्त भोजन व्यवस्था न हो, रहने के लिए खुली जगह न हो, निर्धारित अपेक्षित आवक से भी कम आवक हो, जो ज्यादर निरक्षर हों। तथा जिनकी औसत आयु दर कम हो।"

निम्नलिखित में से कौन से प्रकार में ये लोग शामिल होते हैं?

(A) औद्योगिक बेरोजगार

(B) खेत मजदूर

(C) शिक्षित बेरोजगार

(D) सभी प्रकार से गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले लोग

42) 15 मार्च का दिन भारत में किस दिन के रूप में मनाया जाता है?

(A) ग्राहक अधिकार दिवस (B) विश्व ग्राहक दिवस

(C) ग्राहक जागृति दिवस (D) ग्राहक सुरक्षा दिवस

43) ग्राहक शिक्षण जागृति के लिए निम्नलिखित में से कौनसा सामयिक (मैगजीन) छापा जाता है?

(A) ग्राहक जागृत मंच

(B) ग्राहक शिक्षण

(C) इन साइट

(D) कन्जूमर एक्ट

44) जिला फोरम, (जिलामंच) ग्राहको के साथ हुए नुकसान की, कितने रकम तक के दावे को स्वीकार कर सकता है?

(A) 20 लाख ₹

(B) 30 लाख ₹

(C) 40 लाख ₹

(D) 15 लाख ₹

45) मूल्यवृद्धि को अंकुश में रखने के लिए सरकार ने कौनसी धारा अमल में लाई है?

(A) आवश्यक चीज वस्तु धारा - 1981 (B) आवश्यक चीज वस्तु धारा - 1950

(C) आवश्यक चीज वस्तु धारा - 1955 (D) आवश्यक चीज वस्तु धारा - 1975

46) निम्नलिखित में से, सरकार द्वारा किस उत्पाद का मूल्य निर्धारित किया जाता है?

(A) सब्जी (B) चिकित्सा उपचार

(C) पेट्रोल – डीजल (D) होटल का खाना

47) महिला सुरक्षा के अन्तर्गत मार्ग दर्शन प्राप्त करने वाली महिलाओं को मात्र एक ही कॉल से मदद मिलती रहे उसके लिए कौनसी हेल्पलाइन सुरू की गई है?

(A) 108

(B) 181

(C) 104

(D) 100

48) भारत में किस वर्ष को महिला सशक्तीकरण वर्ष के रूप में मनाया जाता है?

(A) सन् 1975

(B) सन् 2002

(C) सन् 1985

(D) सन् 1999

49) भारतीय संविधान के किस आर्टीकल के अनुसार अस्पृश्यता को सम्पूर्णतः नाबूद किया गया है?

(A) आर्टीकल - 17

(B) आर्टीकल - 46

(C) आर्टीकल - 25

(D) आर्टीकल - 29

50) भारतीय संविधान की कलम 342 के अनुसार समाविष्ट जातियों को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

(A) लघुमती जाति

(B) अनुसूचित जाति

(C) बक्षी पंच की जाति

(D) अनुसूचित जन जाति

# 10 (H)

(JULY, 2018)
(New Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए ।
2) प्रश्नपत्र में Part - B चार विभाग है और कुल 1 से 18 प्रश्न हैं ।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य है। आंतरिक विकल्प दिये गए हैं ।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं ।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए ।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये ।
7) प्रश्न 18 नक्शापूर्ति का है । उसमे अन्ध विद्यार्थियों के लिए अलग प्रश्न हैं ।

---

### विभाग – अ

1) 'संस्कृति' शब्द की संकल्पना समझाइए । [2]

2) "गुप्तकाल कला का स्वर्णिम काल माना जाता है ।" इस विधान की पुष्टि कीजिए । [2]

अथवा

मोंहे–जो–दड़ो की नगर रचना में गटर योजना संबंधि जानकारी दीजिए ।

3) विरासत संरक्षण के लिए हमारी भूमिका समझाइए । [2]

4) जमीन के प्रकार कौन–कौन से हैं? कोई चार प्रकारो के नाम लिखिए। [2]

5) वन संरक्षण के उपाय बताइए। [2]

## विभाग – ब

6) भारत की कृषि क्षेत्र में हुए तकनीकि सुधारों में से कोई चार सुधार बताइए। [2]

अथवा

भारतीय अर्थतंत्र में कृषि का योगदान क्या है? उसका वर्णन कीजिए।

7) दक्षिण भारत में तालाबों की मदद से खेती क्यों की जाती है? कारण दीजिए। [2]

8) 'सर्वप्रथम प्राप्त धातु तांबा' की मानव जीवन में उपयोगिता समझाइए। [2]

9) साम्यवादी अर्थव्यवस्था के लक्षणों का वर्णन कीजिए। [2]

10) आतंकवाद के सामाजिक दुष्प्रभावों को बताइए। [2]

## विभाग – स

11) गुजरात के गरबा एवं गरबी के विषय में समझाइए । [3]

12) कोणार्क के सूर्य मंदिर पर टिप्पणी लिखिए । [3]

13) भारत को लोहा एवं फौलाद उद्योग के वृद्धि एवं विकास का वर्णन कीजिए । [3]

14) बेरोजगारी के कौन–कौन से प्रकार हैं? उनके नाम बताकर समझाइए । [3]

अथवा

विश्व श्रम बाजार की संकल्पना स्पष्ट कीजिए ।

15) गुजरात सरकार ने महिला समानता के लिए कौन–कौन सी योजनाएँ लागू की हैं? समझाइए । [3]

## विभाग – द

16) वास्तु शास्त्र के वृद्धि और विकास को प्राचीन भारत के सन्दर्भ में समझाइए । [5]

17) बालकों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षण का अधिकार के मुख्य प्रावधानों को समझाइए । [5]

अथवा

भ्रष्टाचार से आप क्या समझते हैं? इसे समाप्त करने के उपाय कौन–कौन से हो सकते हैं?

18) नीचे दिए गए भारत के रेखांकित मानचित्र में दी गई विगतों को उचित चिह्नों के द्वारा उनके सही स्थान पर दर्शाइए । [5]

1) जैव आरक्षित क्षेत्र–सुन्दरवन

2) मूंगफली उत्पादक एक राज्य

3) चीनी उत्पादक एक राज्य

4) अभ्रक उत्पादक कोई एक राज्य

5) हल्दिया से अल्हाबाद तक का आंतरिक जलमार्ग दर्शाओ ।

नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए :–

1) जैव आरक्षित क्षेत्र सुंदरवन किस राज्य में है?

2) मूंगफली उत्पादन करने वाला एक राज्य कौन सा है?

3) चीनी उत्पादन करने वाले राज्य का नाम लिखो ।

4) अभ्रक उत्पादन करने वाले किसी एक राज्य का नाम लिखो ।

5) हल्दिया से अल्हाबाद तक का आंतरिक जलमार्ग कौन से दो राज्यों में से गुजरता है?

▽▽▽▽